**प्रदर्शन** | किसानों के धरने से प्रशासन हिला, 7 दिन में समाधान का आश्वासन

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से घिरा मझौली, चारों मार्ग जाम



**नवभारत, मझौली।** भारतीय किसान संघ के आह्वान पर किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मझौली के मुख्य बाजार में प्रवेश किया और चारों प्रमुख मार्गों को बंद कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

अचानक हुए चक्काजाम से पूरे नगर में अफरा-तफरी मच गई और घंटों तक यातायात ठप रहा। धान-गेहूं व मूंग के लंबित भुगतान वेयरहाउस गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार के विरोध में किसान आक्रोशित दिखे। धरनास्थल पर किसानों के बीच एसडीओपी सिहोरा आदित्य संघारिया तहसीलदार मझौली ललित ग्वालवंशी और बाद में एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र अहाके पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर सात दिवस के भीतर समस्याओं के समाधान का लिखित आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ही किसानों ने धरना समाप्त किया। किसान नेताओं ने चेताया कि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया भी आई सामने

वहीं जब इस पूरे घटनाक्रम पर एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र अहाके से चर्चा की गई, तो उन्होंने कहा किसानों की सभी मांगों को गंभीरता से लिया गया है। भुगतान, वेयरहाउस से जुड़ी गड़बड़ियों और अन्य शिकायतों की जांच कर सात दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है। हालांकि प्रशासन के इस बयान के बावजूद किसानों का कहना है कि अब आश्वासन नहीं, ज़मीनी कार्रवाई चाहिए। किसान नेताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सात दिन बाद भी भुगतान और भ्रष्टाचार पर ठोस कदम नहीं उठे, तो मझौली ही नहीं बल्कि पूरे तहसील स्तर पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



# जर्जर स्कूल बिल्डिंग में लग रहीं कक्षाएं

▶ धपड़े गिरने से दुर्घटनाओं की आशंका



**नवभारत, सुकरी मंगेला।** शासकीय बालक हाई स्कूल में बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। विगत 5 वर्षों से बिल्डिंग पर कक्षाएं लग रही हैं लेकिन बिल्डिंग की हालत इतनी खराब है कि ऊपर से लेंटर के धपड़े गिर रहे हैं।

प्रशासन को इसकी जानकारी कई बार दी जा चुकी है परंतु विगत 3 वर्षों से मामला अधर में लटका हुआ है। जानकारी लग रही है कि यह बिल्डिंग 1लाख में नीलाम हो चुकी है एवं इसको गिरा कर दूसरी बिल्डिंग बनानी है। ठेकेदार भी आ चुके थे परंतु अभी तक नई बिल्डिंग निर्माण कार्य का कोई अता पता नहीं है। शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य का कहना है कि बिल्डिंग पीडब्लूडी के द्वारा बनाई जायेगी। जानकारों के अनुसार इस बिल्डिंग में 3 वर्ष से रखरखाव एवं मेंटेनेंस का ख़र्च 90, 000 रुपए प्रति वर्ष आ रहा है परंतु आज तक इसमें पुताई तक ही नहीं हुई है ऐसे में सवाल पूछा जा रहा है कि इस रखरखाव का पैसा कहां जा रहा है।

**इनका कहना है**

पीडब्लूडी एवं पर्यटन विकास निगम के द्वारा शाला की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जाना है परंतु बजट के अभाव होने के कारण कार्य में विलंब हो रहा है।

**महेंद्र उईके, प्राचार्य हाई स्कूल सुकरी, बरगी**

# आपकी बैंक आपके गांव अभियान के तहत हुआ नुक्कड़ मंचन



▶ झगरा सोसायटी पहुंचे क्षेत्रीय किसान

**नवभारत, बेलखाड़ू (जबलपुर)।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जबलपुर द्वारा आपकी बैंक आपके गांव अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत वित्तीय साक्षरता एवम् जागरूकता कार्यक्रम के वृहद आयोजन गांव में किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम झगरा में वृहताकार सेवा सहकारी समिति नगना स्थित है जहां एक नुक्कड़ नाटक मंचन व गायन का वृहद आयोजन सुबह 10 बजे से किसान , समिति सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु प्रधानमंत्री जन ज्योति, सुरक्षा बीमा,अटल पेंशन, साइबर क्राइम से बचाव, केसीसी कार्ड, बैंक बचत, मियादी योजना, डिजिटल लेनदेन, पशुपालक जैसे विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के उपक्रम को शामिल कर विस्तृत जानकारियों को नुक्कड़ नाटक में सांझा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजाराम पटेल, प्रशासक अनुज शर्मा, समिति प्रबन्धक राजेश पटेल, विक्रेता राम दुबे, अनुराग मनीष, सतेंद्र, रोहित, सतेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।



# संभागीय प्रतियोगिता में अजय ने पाया प्रथम स्थान

**नवभारत, बेलखाड़ू (जबलपुर)।** विकास खण्ड पनागर संकुल बेलखाड़ू के अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला खिरिया खुर्द के कक्षा सातवीं के छात्र अजय कुमार गौड़ ने संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पर्यावरण बिषय पर निर्मित मॉडल सतत् कृषि अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया।

शाला से श्रीमती ज्योति पाठक, संस्था प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला, तथा कृष्ण कुमार पटेल अतिथि शिक्षक के मार्गदर्शन में छात्र ने संस्था तथा शिक्षकों को गौरवान्वित किया । संकुल प्राचार्य बी आर परस्ते,आरके उपाध्याय, डी के अवस्थी, बृजबिहारी श्रीवास्तव, चन्द्रभान गर्ग, राजेश कुमार चौधरी, इन्द्र सिंह राजपूत, रजनी पटेल,सवीता नेमा,आर के पांडे,आभा शुक्ला, नीलम प्यासी, संजय चोवै, पंकज मणि झारिया के द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने पर अजय को शुभकामनाएं दीं।

# सैन्य परिवार कल्याण संगठन की अध्यक्षा ने किया मिलिट्री अस्पताल का दौरा



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य भारत एरिया के सैन्य परिवार कल्याण संगठन की अध्यक्षा हरप्रीत कौर ने मिलिट्री अस्पताल, जबलपुर में 'वात्सल्य: अर्ली इंटरवेंशन सेंटर' का दौरा किया। उनके साथ पल्लवी शर्मा, फैमिली वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्षा भी मौजूद थीं।

दौरे के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल प्रियांक अगस्त्या, बाल रोग विशेषज्ञ ने केंद्र में उपलब्ध उन्नत चिकित्सीय सुविधाओं, समय पर हस्तक्षेप और विकासात्मक विकलांगता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र 6 वर्ष तक के विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए मनोवैज्ञानिक, स्पीच थेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, विशेष शिक्षक और फिजियोथेरेपिस्ट की टीम के माध्यम से सेवा प्रदान करता है।

हरप्रीत कौर ने बच्चों और उनके माता-पिता से बातचीत की और केंद्र के प्रयासों और बच्चों की प्रगति की सराहना की। उन्होंने इसे दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण और बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मंडला रेल मार्ग से जुड़े जबलपुर, रायपुर और दिल्ली



▶ आज के आधुनिक युग में भी ग्रामीण हो रहे परेशान

**जबलपुर, नवभारत।** आदिवासी जिले मंडला को जबलपुर सहित प्रदेश व देश के बड़े शहरों से रेल नेटवर्क से जोडने् की मांग को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है इसी को लेकर सोमवार को रेलवे संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और महाराजपुर रेलवे स्टेशन के सामने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सरकार को साफ संदेश दे दिया कि अब और उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी. धरने में बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। समिति के पदाधिकारियों ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि मंडला लोकसभा क्षेत्र का एकमात्र रेलवे स्टेशन मंडला फोर्ट वर्ष 1909 में स्थापित हुआ था। हालांकि, देशभर में रेलवे के व्यापक विस्तार के बावजूद यह स्टेशन आज भी पिछड़ा हुआ है। वर्तमान में यहां से केवल 40 किलोमीटर दूर नैनपुर तक ही रेल सेवा सीमित है, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

धरना-प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली, जो महाराजपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंची यहां रेल मंत्री के नाम स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में मांग की गई कि मंडला को जल्द से जल्द जबलपुर, भोपाल, इंदौर, नागपुर समेत अन्य बड़े शहरों से सीधी रेल सेवा से जोड़ा जाए। कई बार ज्ञापन और आंदोलनों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में इंदौर-नैनपुर पंचवैली एक्सप्रेस को मंडला तक विस्तारित करना, मंडला से नागपुर और जबलपुर होकर दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करना, तथा रायपुर, भोपाल और पुणे के लिए ट्रेनों का संचालन शामिल है। इसके अतिरिक्त, पेंड्रा से डिंडौरी-मंडला-गोटेगांव रेल लाइन के शीघ्र निर्माण और मंडला-घंसौर रेलवे स्टेशन को जोडने् की मांग की गई है।

समिति द्वारा बताया गया कि पंडरिया- बिछिया-मंडला-घंसौर-जबलपुर नई रेल लाइन के निर्माण की मांग भी काफ़ी समय से अटकी हुई है। वही समिति ने मंडला फोर्ट स्टेशन पर ट्रेन वाशिंग एप्रोन, कोचिंग डिपो और टर्मिनल स्तर की सुविधाएं विकसित करने की मांग की। साथ ही, रेलवे कर्मचारियों के लिए आवास और विश्रामगृह तथा स्टेशन परिसर में आरपीएफ थाना स्थापित करने की भी मांग रखी गई।

# बुलेरो से ढुल रही शराब पकड़ाई



**नवभारत, जबलपुर।** पाटन पुलिस ने बुलेरो से ढुल रही शराब समेत अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मनगुडिया रोड़ में दबिश देकर बुलेरो वाहन क्रमांक एमपी 20 सीके 0227 को घेराबंदी कर रोककर चालक संदीप झारिया 50 वर्ष निवासी ग्राम बेनीखेड़ा पाटन को पकड़ा गया।

तलाशी लेने पर वाहन के पीछे तरफ 5 कार्टून में 260 पाव देशी शराब (46.80 लीटर) के रखे मिले, आरोपी संदीप झारिया के कब्जे से 260 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त महिन्द्रा बुलेरो कार जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

### वारदात के पहले बमबाज धराया

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी पुलिस ने बमबाज को वारदात करने के पहले ही धरदबोचा। आरोपी के कब्जे से दो सुअरमार बम जप्त किए गए है। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि सूचना मिली कि बगिया टोला पानी की टंकी के सामने एक लड़का किसी के घर पर बम फैंकने की बात कर रहा है सूचना पर घेराबंदी कर अंशु मलिक उर्फ यश पिता अनिल मलिक 22 वर्ष निवासी यादव पान भंडार के पास गंगामैया रांझी को पकड़ा गया । जिसे सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी लेने पर संदेही अंशु मलिक उर्फ यश अपनी पहनी हुयी जैकेट की दोनों जेबों में एक-एक सुअर मार बम रखे मिला। जिसके जब्त करते हुए विस्टफोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।



# कतिया समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर।** कतिया समाज निस्वार्थ सेवा समिति के द्वारा गत दिवस मदन महल दद्दा परिसर स्थित गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के लगभग 300 से 350 विवाह योग्य युवक-युवतियो ने अपना परिचय दिया। निस्वार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट श्री प्रतीक पठारिया ने बताया कि सम्मेलन उपरांत युवक युवतियों की पत्रिका का प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी भविष्य में समाज के किसी व्यक्ति जो की आसक्त या गरीब है की मृत्यु होने पर संस्था के द्वारा उनका दाह संस्कार किया जायेगा7 वरिष्ठ समाजसेवी एवं आयोजन सहयोगी श्रीमती रुक्मणि नायक एवं श्रीमती आशा पठारिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरिया विधानसभा के कतिया समाज के (भाजपा) विधायक ठाकुरदास नागवंशी, मनीष मिश्रा अधिकवक्ता संघ जिला जबलपुर अध्यक्ष, रविन्द्र दत्त कार्यकारणी सदस्य , राहुल रोहाणी समाज सेवी तथा विशेष अतिथि के रूप में विधायक अभिलाष पांडे उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर, गुरुचरण खरे मप्र अनु.जाति आयोग सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा), सुखनन्दन जावरे, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल कतिया बहुउद्देशीय संस्था, नगर पुलिस आधिक्षक जबलपुर रितेश शिव, रत्नेश सोनकर जिला अध्यक्ष 6भाजपा8 कतिया समाज के विभिन्न जिलों, प्रांतो के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ सामाजिक बंधु के साथ ही हज़ारों की संख्या में समाज के महिला, पुरुष, युवक -युवती शामिल रहे।

# भतीजों ने चाचा को शराब पिला किया रॉड से हमला

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी रोड में बीती रात भतीजों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पहले चाचा को शराब पिलाई इसके बाद मारपीट करने के बाद रॉड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचा दी और धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक मनोज कुमार अहिरवार पिता पूरनलाल अहिरावर 45 वर्ष निवासी शंकर नगर मदर टेरेसा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब आठ बजे मजदूरी कर घर जा रहा था कि ग्रीन सिटी रोड में भतीजा पंकज कुमार अहिरवार, रवि अहिरावर व उसका दोस्त राहुल अहिरवार मिले जिन्होंने उसे बातों में उलझाकर शराब पिलाई इसके बाद पुरानी रंजिश के चलते पंकज, रवि ने उसके साथ विवाद किया। हाथ मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद रॉड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचा दी। इसके बाद तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# लॉक तोड़ चार टू-व्हीलर ले गए चोर

**नवभारत, जबलपुर।** पलक झपकते ही टूव्हीलर चुराने वाली गैंग शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में सक्रिय है। चोर चार वाहनों के लॉक तोड़कर फरार हो गए। ये वारदातें बरगी, गढ़ा, कोतवाली, मझगवां थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने चारों ने ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सेवकराम सोनी निवासी बरगीनगर कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे सिंचाई विभाग में पानी सप्लाय का काम करता है। भांजियों को रेल्वे स्टेशन बरगी छोड़ने अपनी मोटर सायकिल से दोपहर करीब 2 बजे बरगी रेल्वे स्टेशन आया था। बाइक क्रमांक एमपी 20 एमएक्स 5113 को रेल्वे स्टेशन बरगी के बाहर खड़ा कर दिया था। भांजियों को प्लेट फर्म में छोड़ने चला गया कुछ देर बाद प्लेट फर्म से रेल्वे स्टेशन के बाहर आया तो देखा उसकी बाइक गायब थी। इसी प्रकार गढ़ा थाने में चंद्रकांत श्रीवास निवासी गंगा नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे निजी कंपनी में सुपरवाइजर है। डीन ऑफिस के सामने दोपहर 1:30 बजे बाइक क्रमांक एमपी 49 एमए 5432 को खड़ा कर चला गया था। इसके बाद वापिस आया तो बाइक नहीं थी। इसी प्रकार कोतवाली थाने में मोहम्मद साहिल खान निवासी हुसैन नगर अमखेरा गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे बी ई की पढ़ाई किया। रेलवे विभाग जबलपुर मे नौकरी करता है। स्कूटी एक्सेस क्रमांक एमपी 20 एसक्यू 6095 से चेरीताल आया था। गाड़ी जैन पेट्रोल पंप के पास खड़ा किया था। दोस्त से मिलने चेरीताल चला गया था, करीब 10 मिनट बाद वापस आया तो गाड़ी नहीं मिली। इसी प्रकार मझगवां थाने में दीपक डुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बाइक पिपरिया रोड हैडपंप के पास खड़ा किया था जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गए।



# बदमाश भाईयों को पुलिस ने दबोचा, निकाला जुलूस

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस ने बदमाश सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। एक फायर आर्म्स के साथ पकड़ा गया तो दूसरा लंबे समय से फरार था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उनका जुलूस निकाला। टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि औरिया मटर मंडी के सामने हनुमान मंदिर के बाजू से हाईवे सर्विस रोड में घेराबंदी कर नीरज जैन पिता निर्मल चंद जैन 36 वर्ष निवासी पड़वार तिराहा सूरतलाई को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर कमर में देशी पिस्टल रखे मिला, पिस्टल की मैगजीन चैक करने पर एक कारतूस लोड पाया गया, आरोपी नीरज कुमार जैन के कब्जे से देशी पिस्टल एवं कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त पिस्टल कारतूस कहॉ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ जारी है। आरोपी नीरज जैन के खिलाफ जुआ, आबकारी एक्ट के पूर्व से 3 अपराध दर्ज है। इसके अलावा नीरज के भाई अखिल जैन को भी हिरासत में लिया गया । दो मामलों में आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने दोनों का जुलूस निकाला इसके बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# 30 बिस्तरों वाले नए अस्पताल का जल्द होगा शुभारंभ

▶ शासकीय अस्पताल गोसलपुर में जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित

**सिहोरा, नवभारत।** गोसलपुर स्थानीय शासकीय अस्पताल में विगत दिवस जन आरोग्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अस्पताल के उन्नयन, सुविधाओं के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए और महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु गोसलपुर अस्पताल का उन्नयन रहा। अब इस अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा प्राप्त हो गया है। साथ ही, नवनिर्मित 30 बिस्तरों वाले अस्पताल का कार्य पूर्ण होने पर चर्चा की गई, जिसका शीघ्र ही विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इससे क्षेत्रीय जनता को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी।



**बैठक के प्रमुख एजेंडे और निर्णय**-बैठक के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित प्रस्तावों पर सहमति बनी,

**नए उपकरणों की खरीदी**- अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के क्रय संबंधी प्रस्ताव पास किए गए।

**भूमि प्रबंधन**- अस्पताल की शासकीय भूमि को विधिवत 'अस्पताल मद' में दर्ज कराने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई।

**पुराने स्क्रैप का निपटारा**- अस्पताल परिसर में रखे पुराने स्क्रैप (कबाड़) के विक्रय का निर्णय लिया गया।

**निर्माण कार्य**- न्यू बिल्डिंग के निर्माण कार्यों की समीक्षा ठेकेदार और इंजीनियर की उपस्थिति में की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। इसमें मुख्य रूप से पुष्पराज बघेल, दिलीप पटेल, अनिल चौधरी, बी.एम.ओ. अर्शिया खान, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल से सब-इंजीनियर सिन्हा एवं सुपरवाइजर इंद्र कुमार उपाध्याय उपस्थित थे। साथ ही असगर खान, न्यू बिल्डिंग के ठेकेदार, इंजीनियर, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं अस्पताल का समस्त स्टाफ भी बैठक में मौजूद रहा। बैठक के अंत में क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।